JULY – 2024 (Apr. - Jun. 2024)
Vol. SHQ-BSGUP -013

# BHARAT SCOUT & GUIDE
## UTTAR PRADESH

# "तेजल"
त्रैमासिक पत्रिका







प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति बैठक

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



श्रीमती आनन्दी बेन पटेल
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



श्री योगी आदित्यनाथ
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



डा० महेन्द्र सिंह
भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



डॉ० प्रभात कुमार आई०ए०एस० (सें०नि०)
भूतपूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

## संपादक मण्डल

**❑ संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**❑ मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**❑ सलाहकार**

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डॉ० राजेश मिश्रा**
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**❑ सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**❑ डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

"A week of camp life is worth six months of theoretical teaching in the meeting room."

- Lord Robert Baden-Powell



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 3
❖ के०जी०बी०वी० – बेसिक कोर्स - 9
❖ व्यस्क प्रशिक्षण - 16
❖ बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता 2024-25 परिणाम - 17
❖ सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता 2024-25 परिणाम - 18
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत - 19
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज - 20
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 21
❖ आई० टी० विभाग - 39
❖ बी०एस०जी० ज्ञान क्विज - 40



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...



**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**

प्रिय साथियों,

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० की त्रैमासिक पत्रिका "तेजल" के माह जुलाई 2024 अंक के प्रकाशन पर आप सभी को हार्दिक बधाई |

आज के बदलते युग के साथ सामाजिक मूल्यों एवं मान्यताओं में बहुत तेजी से परिवर्तन आ रहा है परन्तु चिर सत्यों से उद्भूत कुछ ऐसे शाश्वत मूल्य हैं जो समाज के आधार स्वरुप है | स्काउट/गाइड संस्था भी इसी प्रकार के चिंतन की उपज है जिसकी ज्योति लार्ड बैडन पावेल ने वर्ष 1907 में प्रज्वलित की थी | वर्तमान में इस प्रकाशपुंज की किरणें सम्पूर्ण विश्व में फैली हुयी है |

आप सभी के सहयोग से प्रादेशिक संस्था के सदस्यों में लगातार वृद्धि हो रही है | वर्तमान में स्काउटिंग / गाइडिंग के क्रिया कलाप, गतिविधियाँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक स्तर से लेकर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर तक संचालित है | किन्तु हम अभी भी अपने अभीष्ट लक्ष्य से काफी पीछे चल रहे हैं | अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति, प्रदेश में संचालित सभी विद्यालयों जिनमें सभी बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षण संस्थान तथा सी०बी०एस०सी० से सम्बद्ध विद्यालय सम्मलित हैं, को स्काउट / गाइड आन्दोलन के साथ जोड़ने से ही सम्भव है | विशेषत: वो विद्यालय, जिन्हें हम अभी भी इस आन्दोलन में सम्मलित नहीं कर पाये हैं, को स्काउटिंग/गाइडिंग से जोड़ना अत्यन्त आवश्यक है |

मुझे पूरा विश्वास है कि समस्त जिला संस्थायें इस वर्ष, निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक संख्या में बालक, बालिकाओं एवं युवाओं को इस आन्दोलन से जोड़ने तथा गुणात्मक भातृत्वपूर्ण कार्य संस्कृति को विकसित करने में, प्रदेश संस्था का पूर्ण सहयोग करेंगी |

आप सभी के द्वारा स्काउटिंग/गाइडिंग के विकास में सदैव योगदान दिया जाता रहा है | जनपदीय संस्थाओं के इस योगदान की सराहना करते हुये मुझे सदैव गर्व एवं प्रसन्नता की अनुभूति होती है |

मुझे पूरी आशा है कि आप सभी पूर्ण ऊर्जा के साथ सम्पूर्ण मनोयोग तथा परिश्रम से प्रदेश संस्था द्वारा निर्धारित किये गये कार्यक्रमों/शिविरों/संगोष्ठी आदि को शत प्रतिशत सफल करवाये जाने की दिशा में समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे |

आशा है कि आप सभी को "तेजल" का यह अंक रुचिकर एवं ज्ञानवर्धक लगेगा | आपके सकारात्मक सुझावों का सदैव स्वागत है |

पुन: हार्दिक शुभकामनाओं के साथ |

**डॉ० प्रभात कुमार**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

### नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र, शीतलाखेत के तत्वाधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन में माह अप्रैल से जून तक विभिन्न मंडलों के नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किये गये । जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।



### मुरादाबाद एवं बरेली मण्डल - 26 से 30 अप्रैल 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 26 से 30 अप्रैल 2024 में मुरादाबाद एवं बरेली मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 115 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इस शिविर में शिविर संचालक के रूप में सुश्री सितारा त्यागी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) और सहयोगी स्टाफ में अजय कुमार जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) जनपद अमरोहा रहे |



## आजमगढ़ एवं गोरखपुर मण्डल - 06 से 10 मई 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 06 से 10 मई 2024 में आजमगढ़ एवं गोरखपुर मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 43 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इस शिविर में शिविर संचालक के रूप में श्री नौशाद अली सिद्दीकी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) और सहयोग सेंटर मैनेजर त्रिवेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया |



## बस्ती एवं अलीगढ मण्डल - 16 से 20 मई 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 16 से 20 मई 2024 में बस्ती एवं अलीगढ़ मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 54 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इस शिविर में शिविर संचालक के रूप में श्री राकेश कुमार सैनी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) और श्रीमती कविता पाण्डेय सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) रही |



## मिर्जापुर मण्डल - 21 से 25 मई 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 21 से 25 मई 2024 में मिर्जापुर मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 61 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इस शिविर में शिविर संचालक के रूप में श्री राजेश कुमार प्रजापति सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) और सहयोगी के रूप में श्री चंद्रकांत कुमार, श्री आनंद कुमार मौर्य एवं श्रीमती अंजलि मित्तल, प्रिंसिपल रुद्र स्कूल रही।



## सहारनपुर, मेरठ एवं चित्रकूट मण्डल - 26 से 30 मई 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 26 से 30 मई 2024 में सहारनपुर, मेरठ एवं चित्रकूट मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 280 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और शिविर के ग्रैंड कैंप फायर में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रादेशिक कोषाध्यक्ष श्री आलोक अग्रवाल जी एवं प्रादेशिक सचिव श्री आनंद सिंह रावत जी उपस्थित रहे। शिविर संचालक के रूप में श्री मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) और श्री शिव प्रताप पाल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) रहे |



## नि:शुल्क नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम – 31 मई से 04 जून 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 31 मई से 04 जून 2024 में नि:शुल्क नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 131 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इस शिविर में शिविर संचालक के रूप में श्री मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) और सहयोगी के रूप में मोहित कुमार जिला आईटी समन्वयक जनपद सहारनपुर रहे |



## प्रयागराज एवं अयोध्या मण्डल – 05 से 09 जून 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 05 से 09 जून 2024 में प्रयागराज एवं अयोध्या मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इस शिविर में शिविर संचालक के रूप में श्री कमलेश द्विवेदी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) रहे |



## झाँसी एवं कानपुर मण्डल – 15 से 19 जून 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 15 से 19 जून 2024 में झाँसी एवं कानपुर मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 113 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इस शिविर में शिविर संचालक के रूप में श्री त्रिवेन्द्र कुमार सेंटर मैनेजर शीतलाखेत रहे |



## वाराणसी मण्डल - 21 से 25 जून 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 21 से 25 जून 2024 वाराणसी मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 156 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इस शिविर में शिविर संचालक के रूप में श्री दिनेश यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) जनपद गाजीपुर रहे |



## आगरा, लखनऊ एवं देवीपाटन मण्डल - 26 से 30 जून 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में दिनांक 26 से 30 जून 2024 में आगरा, लखनऊ एवं देवीपाटन मण्डल का नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया| जिसमें 272 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | कार्यक्रम में ग्रांड कैम्पफायर के अवसर पर डॉ० राजेश मिश्रा, प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) उपस्थित रहे | शिविर संचालक के रूप में मो० तारिक हुसैन और सहयोगी स्टाफ में प्रत्यूष रत्न पाण्डेय जी रहे |



## प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति बैठक - 25 अप्रैल 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति की बैठक डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 25 अप्रैल 2024 को प्रादेशिक मुख्यालय के सभागार में संपन्न हुई | जिसमे वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना और प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत में निर्माणाधीन एडवेन्चर केन्द्र के विषय में चर्चा की गई | इस अवसर पर बैठक में 24 सदस्य उपस्थित रहे |



## बेसिक कोर्स फॉर गाइड कैप्टन – ''कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय''

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश एवं महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक उ० प्र० के संयुक्त तत्वाधान में डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त और श्रीमती कंचन वर्मा, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के दिशानिर्देशन में उत्तर प्रदेश के समस्त कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयो की शिक्षिकाओ हेतु बेसिक कोर्स फॉर गाइड कैप्टन का आयोजन दिनांक 24 से 30 जून 2024 की अवधि मण्डल स्तर पर 13 स्थानों पर किया गया | प्रदेश स्तरीय कार्यों का समन्वयन श्री आनन्द सिंह रावत प्रादेशिक सचिव, श्रीमती देवकी शोभित संयुक्त सचिव और सुश्री सितारा त्यागी प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) द्वारा किया गया |




## आगरा/अलीगढ़ मण्डल -

मण्डल आगरा और अलीगढ़ स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, मिढ़ाकुर, आगरा में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती अनुराधा सिंह और सुश्री भावना सिंह ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती वन्दना पाण्डेय, श्रीमती आराधना सिंह एवं श्रीमती चित्रा गोला उपस्थित रही | कोर्स में 63 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर सुश्री प्रीती, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## मुरादाबाद मण्डल -

मण्डल मुरादाबाद स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन हेरिटेज पब्लिक स्कूल, मिलक, रामपुर में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन सुश्री दर्पिंदर कौर एवं सुश्री निख़त परवीन ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती जमाल फात्मा एवं श्रीमती नरवंत कौर उपस्थित रही | कोर्स में 48 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर सुश्री सितारा त्यागी, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) की देख-रेख में संपन्न हुआ | शिविर का निरिक्षण डॉ० मुकेश कुमार सिंह, उप निदेशक सम्रग शिक्षा / यूनिट प्रभारी (बालिका शिक्षा) द्वारा किया |




## आजमगढ़ मण्डल -

मण्डल आजमगढ़ स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, जाफरपुर, पल्हनी, आजमगढ़ में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती केसरी मिश्रा ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती अनीता साइलेंस उपस्थित रही | कोर्स में 42 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्री राजेश कुमार प्रजापति, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## बरेली मण्डल -

मण्डल बरेली स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, सुभाष नगर, बरेली में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती निरुपमा बाजपेयी और सुश्री भानुमती ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती जमुनावती उपस्थित रही | कोर्स में 61 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्रीमती नेहा कटियार, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) की देख-रेख में संपन्न हुआ | शिविर का निरिक्षण डॉ० मुकेश कुमार सिंह, उप निदेशक समग्र शिक्षा / यूनिट प्रभारी (बालिका शिक्षा) द्वारा किया |



## मेरठ / सहारनपुर मण्डल -

मण्डल मेरठ और सहारनपुर स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन वैदिक पुत्री पाठशाला इ० का०, नई मंडी, मुज़फ्फरनगर में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती रेहाना सुल्ताना और श्रीमती किरण शर्मा ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती ज्योति उपाध्याय एवं श्रीमती प्रतिभा दहिया उपस्थित रही | कोर्स में 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्री मयंक कुमार शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## झाँसी/चित्रकूट मण्डल -

मण्डल झाँसी और चित्रकूट स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल, शिवाजी नगर, झासी में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती नीता त्रिपाठी और श्रीमती अनीता अवस्थी ने किया और सहायक के रूप में सुश्री अंजू प्रजापति उपस्थित रही | कोर्स में 46 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर सुश्री पूनम सन्धु, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## प्रयागराज/मिर्ज़ापुर मण्डल -

मण्डल प्रयागराज और मिर्ज़ापुर स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती शशि जयसवाल और सुश्री पुष्पा विश्वास ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती सुधा गौड़ और श्रीमती भावना मंगुलकर उपस्थित रही | कोर्स में 77 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्रीमती कमलेश द्विवेदी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## गोरखपुर मण्डल -

मण्डल गोरखपुर स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय कैम्पस, नार्मल स्कूल, गोरखपुर में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती इशरत सिद्दीकी और श्रीमती कल्पना भदौरिया ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती प्रतिभा शुक्ला एवं श्रीमती चमन शुक्ला उपस्थित रही | कोर्स में 59 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्री शिवप्रताप सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) की देख-रेख में संपन्न हुआ |




## लखनऊ/कानपुर मण्डल -

मण्डल लखनऊ और कानपुर स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, सरोसा-भरोसा, लखनऊ में किया गया | शिविर का निरिक्षण डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त, श्री आनन्द सिंह रावत प्रादेशिक सचिव और श्रीमती देवकी शोभित संयुक्त सचिव द्वारा किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती सोनू सिंह और सुश्री पूर्णिमा श्रीवास्तव एवं श्रीमती नीरज पाण्डेय ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती वन्दना तिवारी, श्रीमती सरस्वती तिवारी एवं श्रीमती सुषमा पाण्डेय उपस्थित रही | कोर्स में 106 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्रीमती प्रज्ञा सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## देवीपाटन मण्डल -

मण्डल देवीपाटन में स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, बलरामपुर में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती गार्गी गुप्ता ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती किरन देवी उपस्थित रही | कोर्स में 47 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्रीमती कविता पाण्डेय, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## बस्ती मण्डल -

मण्डल बस्ती स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन मंडलीय प्रशिक्षण केन्द्र, कबीर चौराहा, मगहर संतकबीरनगर में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती रेनू वर्मा ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती सत्या पाण्डेय उपस्थित रही | कोर्स में 33 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्री नौशाद अली सिद्दीकी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## वाराणसी मण्डल -

मण्डल वाराणसी में स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय,शिवपुर, वाराणसी में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन डॉ. मीना और श्रीमती रामेश्वरी वर्मा ने किया और सहायक के रूप में सुश्री प्रतिमा और सुश्री शकीला खातून उपस्थित रही | कोर्स में 48 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर सुश्री रविन्दर कौर सोखी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) की देख-रेख में संपन्न हुआ |




## अयोध्या मण्डल -

मण्डल अयोध्या में स्थित समस्त जनपदों के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु बेसिक कोर्स का आयोजन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, खैरनपुर, रुदौली अयोध्या में किया गया | शिविर संचालिका के कार्य का निर्वहन श्रीमती साधना शर्मा और श्रीमती वन्दना श्रीवास्तव ने किया और सहायक के रूप में श्रीमती वन्दना पाण्डेय एवं श्रीमती रागिनी सिंह उपस्थित रही | कोर्स में 58 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | यह शिविर श्री राकेश कुमार सैनी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) की देख-रेख में संपन्न हुआ |



## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत में वयस्क प्रशिक्षण -

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत अल्मोड़ा में दिनांक 09 से 15 जून 2024 की अवधि निम्नानुसार वयस्क प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया।

| क्रम | कोर्स | शिविर संचालक | सहयोगी | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेसिक कोर्स फॉर रोवर स्काउट लीडर | श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव – प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) | श्री शिव कुमार<br>श्री तारा सिंह | 05 |
| 2 | बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर | श्री शिवम मौर्य | श्री सचिन सक्सेना<br>श्री रोहित विश्वकर्मा | 18 |
| 3 | बेसिक कोर्स फॉर गाइड कैप्टन | श्रीमती ज्योति शर्मा | श्रीमती भानुमती | 12 |
| 4 | एडवान्स कोर्स फॉर स्काउट मास्टर | श्री लाखन सिंह | श्री हीरालाल यादव | 18 |
| 5 | एडवान्स कोर्स फॉर गाइड कैप्टन | श्रीमती निरुपमा बाजपेयी | --- | 06 |



# BSG ज्ञान प्रतियोगिता



"भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं !"

डॉ० प्रभात कुमार
आई०ए०एस० (से०नि०)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त - भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

| संवर्ग | नाम | जनपद | परिणाम | पुरस्कार | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| कब | रेयांश तायल | गाज़ियाबाद | प्रथम | - | Rs. 5,000 |
| | अभिज्ञान प्रताप सिंह | अम्बेडकरनगर | द्वितीय | - | Rs. 3,000 |
| | वैवस्वत प्रताप सिंह | लखनऊ | तृतीय | - | Rs. 2,000 |
| बुलबुल | आर्या उपाध्याय | अम्बेडकरनगर | प्रथम | - | Rs. 5,000 |
| | ईवा मिश्रा | लखनऊ | द्वितीय | - | Rs. 3,000 |
| | अमेया त्रिपाठी | अम्बेडकरनगर | तृतीय | - | Rs. 2,000 |
| स्काउट | शिवांक शुक्ला | लखीमपुर-खीरी | प्रथम | - | Rs. 10,000 |
| | शिवा शर्मा | लखीमपुर-खीरी | द्वितीय | - | Rs. 7,000 |
| | हर्षित गुप्ता | अम्बेडकरनगर | तृतीय | - | Rs. 5,000 |
| गाइड | गुन्जन | लखनऊ | प्रथम | - | Rs. 10,000 |
| | आस्था सिंह | प्रयागराज | द्वितीय | - | Rs. 7,000 |
| | तन्नू | शामली | तृतीय | - | Rs. 5,000 |
| | रचना | शामली | तृतीय | - | Rs. 5,000 |
| रोवर | तरुन मिश्रा | गोरखपुर | प्रथम | - | Rs. 10,000 |
| | कोनल गुप्ता | अम्बेडकरनगर | द्वितीय | - | Rs. 7,000 |
| | तुषार वर्मा | मथुरा | तृतीय | - | Rs. 5,000 |
| रेन्जर | कु० अंशु यादव | मेरठ | प्रथम | - | Rs. 10,000 |
| | यशस्वी तिवारी | महोबा | द्वितीय | - | Rs. 7,000 |
| | जया सिंह | बाराणसी | तृतीय | - | Rs. 5,000 |

# सर्वोत्तम कैडेट रैली 2023 - 24



"भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय सर्वोत्तम कैडेट रैली में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं !"

डॉ० प्रभात कुमार
आई०ए०एस० (से०नि०)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त - भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

| संवर्ग | नाम | जनपद | परिणाम | पुरस्कार धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| कब | आयुष | शाहजहांपुर | प्रथम | Rs. 10,000 |
| | आक्षांश मौर्या | मिर्ज़ापुर | द्वितीय | Rs. 7,500 |
| | अभ्यास कुमार | शाहजहांपुर | तृतीय | Rs. 5,000 |
| बुलबुल | कु० अरीबा सैफी | मेरठ | प्रथम | Rs. 10,000 |
| | कु० बानी | मेरठ | द्वितीय | Rs. 7,500 |
| | काव्या | शाहजहांपुर | तृतीय | Rs. 5,000 |
| स्काउट | अरशान | मेरठ | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | हर्षित गुप्ता | अम्बेडकरनगर | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | रूद्र प्रताप गोस्वामी | मेरठ | तृतीय | Rs. 7,500 |
| गाइड | रिया चन्द्रा | गोरखपुर | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | कु० शबनम | मेरठ | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | नैन्सी पाण्डेय | बस्ती | तृतीय | Rs. 7,500 |
| रोवर | अभिषेक शर्मा | आगरा | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | अवनीश राय | गाजीपुर | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | नफीस मोहम्मद | हमीरपुर | तृतीय | Rs. 7,500 |
| रेन्जर | कु० ख़ुशी गुप्ता | मेरठ | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | आयुषी मिश्रा | आगरा | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | सायरा | मुज़फ्फरनगर | तृतीय | Rs. 7,500 |

## एक झलक ... प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत



प्रादेशिक प्रशिक्षण / एडवेन्चर केन्द्र शीतलाखेत – दिनांक 27 से 31 मई 2024 की अवधि में केन्द्र का निरिक्षण डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय और श्री आलोक अग्रवाल, प्रादेशिक कोषाध्यक्ष जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर केन्द्र पर निर्माणाधीन एडवेन्चर सेंटर, केन्द्र पर पानी की अनवरत आपूर्ति हेतु बोरिंग के कार्य, बाउंड्री वाल, हास्टल आदि का निरिक्षण किया और आवश्यक निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर प्रादेशिक सचिव श्री आनन्द सिंह रावत और सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०) श्री अदनान हाशमी उपस्थित रहे।













एक झलक ...

# प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज





प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज – एडवेन्चर बेस

















## जनपदीय कार्यक्रम

### मण्डल – आजमगढ़

#### जनपद – आजमगढ़



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद आजमगढ़ के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर दिनांक 05 जून 2024 को उच्च प्राथमिक विद्यालय जाफरपुर विकास खण्ड पल्हनी आजमगढ़ में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला स्काउट मास्टर आजमगढ़ श्री दिनेश सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती कुसुम पाठक सहित विद्यालय के स्काउट एवं गाइड उपस्थित होकर विद्यालय जाफरपुर पल्हनी आजमगढ़ में पौधारोपण कार्य करने में सहयोग किया तथा अन्त में सभी स्काउट गाइड को विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला स्काउट मास्टर आजमगढ़ दिनेश सिंह ने शपथ दिलाई और सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम को विस्तार से जानकारी दी और अन्त में सभी छात्र-छात्राओं को जलपान करा कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

#### जनपद – बलिया




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बलिया के तत्वाधान में दिनाँक 17 मई 2024 को अगरसंडा पुलिस चौकी के निकट सनबीम विद्यालय बलिया के संयोजन से नि:शुल्क पेय जल शिविर का उद्घाटन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य इस भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराकर उनकी सेवा करना है। बता दें कि इस शिविर के उद्घाटन में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ० अर्पिता सिंह एवं स्काउट गाइड संस्था के जिला सचिव राजेश कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) निर्भय नारायण सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सौरभ कुमार पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) सरिता कुमारी, ट्रेनिंग काउंसलर आरोही सिंह के साथ विद्यालय प्रशासक श्री संतोष कुमार चतुर्वेदी तथा यूनिट के प्रभारी श्री सीताराम चौबे, कुमारी प्रेमा एवं विशाल कुमार सिंह उपस्थित रहे।

#### जनपद – मऊ



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मऊ के तत्वाधान में दिनांक 8 मई 2024 को डी०ए०वी० इंटर कॉलेज मऊ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, मेधावी छात्रों का सम्मान एवं नया सत्र नया सवेरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन श्री देव भास्कर तिवारी प्रधानाचार्य डी०ए०वी० इंटर कॉलेज मऊ ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संतोष कुमार उपाध्याय जी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मऊ थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने हजारों की संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अध्यापक बंधुओं, अध्यापिका बहनों एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री सुनील कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी रानीपुर, ओमप्रकाश शुक्ला सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री शरद कुमार पांडेय ने किया।

## मण्डल – वाराणसी

### जनपद – वाराणसी



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद वाराणसी के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर 5 जून 2024 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि श्री अवध किशोर सिंह उपाध्यक्ष/जिला विद्यालय निरीक्षक, श्री जयराम सिंह सह जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ०उमेश कुमार सिंह जिला सचिव स्काउट गाइड वाराणसी ने पौधारोपण किया और समाज को संदेश देते हुए कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम सभी पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए संकल्प ले और अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए एक पौधा अपने भविष्य के लिए लगाये। समारोह में मुख्य रूप से सुश्री शकीला खातून गाइडर, सुनीता यादव लेखाकार, श्री हमदम, संदीप पटेल, रामलला, विकास यादव, आदर्श श्रीवास्तव इत्यादि सदस्य उपस्थित होकर समारोह में सहयोग प्रदान किया जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज मलदहिया, श्री हरिश्चंद्र इण्टरमीडिएट कॉलेज मैदागिन, बी०टी०एस०स्कूल कमच्छाँ, उदय प्रताप इण्टर कॉलेज भोजुबीर, उदय प्रताप कॉलेज भोजुबीर वाराणसी के कुल 36 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर के छात्र उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया समारोह का संचालन श्री विष्णु विश्वकर्मा जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती रामेश्वरी वर्मा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) वाराणसी ने किया।

### जनपद – चंदौली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वाधान मे स्थानीय जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज चंदौली की रानी लक्ष्मी बाई गाइड कंपनी ने एन०एच० 2 स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने नि:शुल्क प्याऊ का उद्घाटन हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सुनील यादव गुड्डू ने फीता काट कर नि:शुल्क प्याऊ का उद्घाटन किया एवं अपने उद्बोधन मे कहा की स्काउट गाइड संस्था के द्वारा नि:शुल्क जल सेवा का वितरण अपने आप मे समाज मे किया गया अग्रणी पुनीत कार्य है समाज मे सबसे बड़ा पुण्य किसी प्यासे को पानी पिलाना है जो इस तपति दोपहरी मे ठन्डे स्थान पर ठन्डे शीतल जल को प्राप्त कर बहुत ही आत्मीय सुख प्राप्त करेंगे कार्यक्रम की सराहना समस्त राहगीरों ने स्काउट गाइड के बच्चों को दिया इस अवसर पर जिला सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सत्यमूर्ति ओझा, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) अंजू कुमारी, प्रधानाचार्या रीता रानी, प्रधानाचार्य प्रमोद सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सैय्यद अली अंसारी ने किया ।




### जनपद – गाजीपुर

जिला संस्था गाजीपुर के तत्वाधान में दिनाँक 1 जून 2024 को गाजीपुर में आयोजित होने वाले मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने हेतु राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाज़ीपुर के प्रांगण में मतदाता जागरूकता एवं महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रज्ञा रेंजर छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रज्ञा रेंजर्स कलर पार्टी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश कुमार उप जिलाधिकारी का हर्ष ध्वनि के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर रेंजर छात्राओं ने रागिनी कुशवाहा एवं टीम के साथ मतदाता जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जबकि अंकिता पांडेय एवं तुलसी साहू की टीम ने मतदाता



जागरूकता गीत पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित युवाओं का मनमोह लिया। स्नेहा वर्मा ने मतदाता जागरूकता पर अपनी ओजपूर्ण कविता पाठ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ० अनिता कुमारी ने सभी युवा मतदाताओं को स्वयं भी मतदान करने तथा स्वयंसेवक के रूप में काम करते हुए अपने आसपास के बूथों पर लोगों से मतदान में सहयोग करने की अपेक्षा व्यक्त की। इसके पश्चात सभी रेंजर्स ने भारत के मानचित्र पर एकत्र होकर आगामी 1 जून को गाजीपुर में होने वाले मतदान के लिए भय मुक्त एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी, जनपद के स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ० अमित यादव एवं उप कोऑर्डिनेटर श्री हरिओम, डॉ० निरंजन कुमार आदि प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के जिला आयुक्त (रोवर) डॉ० शिव कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रितु यादव, प्रीतिबिंद, सुनीता पाल, सपना, मुस्कान, रोली कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## मण्डल – मेरठ

### जनपद – बुलंदशहर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बुलंदशहर के तत्वाधान में दिनांक 20 अप्रैल 2024 को जे०ए०एस० इंटर कॉलेज खुर्जा, बुलंदशहर के स्काउट ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत वाल्मीकि चौक चौराहा खुर्जा पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्काउट द्वारा नागरिकों को शिक्षित, ईमानदार, भ्रष्टाचार मिटाने वाले नेताओं को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। स्काउट ने जाति, संप्रदाय के आधार पर वोटिंग न करने एवं किसी प्रलोभन में आए बिना अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नरेश कुमार शर्मा, शिवेंद्र चौधरी, तुषांत पालीवाल, वीरेन्द्र कुमार यादव, मनोज कुमार, सतीश सिंह, डॉ० बी०डी० अवस्थी आदि शिक्षक उपस्थित रहें।




### जनपद – मेरठ

भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र० जनपद मेरठ के तत्वाधान में दिनांक 21 जून 2024 को स्काउट भवन मेरठ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ श्रीमती रेखा शर्मा जिला मुख्यायुक्त के उद्बोधन से हुआ। पतंजलि योग प्रशिक्षिका कु० मोहिनी ने प्राणायाम नाड़ी निष्पादन, बटरफ्लाई, ताड़ासन वज्रासन, आदि का अभ्यास कराया। समस्त स्काउट और गाइड रोवर रेंजर ने बड़े ही मनोयोग से



और प्रतिदिन करने की सहमति जताई। इस अवसर पर डॉ० अंशु श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष मेरठ, श्रीमती शशि सागर संयुक्त सचिव, नीरू प्रभा, प्रबंधक डेफोडिल पब्लिक स्कूल श्रीमती मंजू शर्मा, लता शर्मा, सुश्री महिमा इस्माइल पी०जी० कॉलेज मेरठ। जिला संस्था की ओर से आगंतुक अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और साथ ही योग करने के उपरान्त सभी को जलपान वितरीत किया गया। कार्यालय स्टाफ से श्री सोमेंद्र सिंह ,श्रीमती पूनम रानी, श्रीमती ज्योति शर्मा श्री सोनू कुमार, श्री संजय गुप्ता, ने समस्त कार्यक्रम का संचालन किया। तथा श्री सुरेन्द्र, रोवर निखिल आकाश, आदि ने सहयोग किया।



## जनपद – गाजियाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गाज़ियाबाद के तत्वाधान में पुरस्कार समारोह एवं रोवर रेंजर मीट का आयोजन किया गया। गाजियाबाद के तीन सर्वश्रेष्ठ स्कूलों को सम्मानित किया गया और सर्वश्रेष्ठ गाइडर और सर्वश्रेष्ठ स्काउटर को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गंभीर सिंह (एडीएम) सिटी गाजियाबाद, विशिष्ट अतिथि श्री राजेश श्रीवास जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद एवं विशिष्ट अतिथि श्री मनोज जी रहे। रोवर/रेंजर मीट में ओल्ड सेक्रेटरी श्री राम नरेश शर्मा और ओल्ड रोवर/रेंजर आये। जो लोग 1980, 1985 से जिला एसोसिएशन से जुड़े हुए हैं उनमें से कुछ व्यवसायी हैं और कुछ अधिकारी हैं। कार्यक्रम में जिला गाजियाबाद के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। ये कार्यक्रम संभु धायल इंटर कॉलेज गाज़ियाबाद में आयोजित किया गया।




## जनपद – गौतम बुद्धनगर

जिला संस्था गौतम बुद्धनगर के द्वारा दिनांक 27 मई 2024 को स्काउट गाइड के टीम ने जिला गाइड कैप्टन श्रीमती भारती श्रीवास्तव व जिला स्काउट मास्टर श्रीमती ज्योतिर्मयी पाण्डेय के नेतृत्व में 'शिक्षा अर्चना' व भविष्य एनजीओ द्वारा बालिकाओं व महिलाओं के लिए चलाए जा रहे समर कैंप में स्काउट गाइड से संबंधित सत्र चलाया। इसमें स्काउट गाइड आंदोलन की जानकारी, स्काउट गाइड के अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे प्राथमिक चिकित्सा, ध्वज की जानकारी, झंडा गीत, प्रार्थना, यूनिफॉर्म, बिना बर्तन के भोजन बनाना, गांठें लगाना, भलाई के कार्यों की डायरी बनाना, समाज सेवा, स्वच्छता का महत्व, आपातकाल में अपना अधिकतम सहयोग कर देश सेवा करना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर उनके साथ ब्लॉक गाइड कैप्टन श्रीमती अर्चना शिरोमणि व ब्लॉक स्काउट मास्टर श्रीमती रश्मि त्रिपाठी ने भी उपस्थित रहकर विभिन्न सत्रों पर जानकारी





दी। सत्र के दौरान स्वयंसेवी संस्था से सदस्य व 'शिक्षा अर्चना' की संस्थापक श्रीमती अर्चना पांडे भी उपस्थित रहीं।

## जनपद – हापुड़

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हापुड़ में दिनांक 22 अप्रैल 2024 को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रामलीला ग्राउंड के पास शहीद स्तंभ प्रांगण में रंगोली का आयोजन किया गया जिसमें आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़, श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़, श्री सरस्वती विद्यालय इंटर कॉलेज हापुड़ चौधरी ताराचंद जनता इंटर कॉलेज हापुड़ दीवान इंटर कॉलेज हापुड़ के स्काउट गाइड द्वारा रंगोली बनाई गई मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त आदरणीय श्री अभिषेक कुमार (आई०ए०एस०)के द्वारा सभी प्रतिभागियों के द्वारा बनाई गई रंगोली की अत्यंत भुरी भुरी प्रशंसा की गई। रंगोली में कैंडल लाइटस का सुन्दर संयोजन किया गया, शहीद स्तंभ पर कैंडल जला कर अमर शहीदों को श्रंद्धाजलि भी दी गई। आर्य कन्या पाठशाला द्वारा बनाई गई रंगोली को सबसे उत्तम बताया साथ ही जैन कन्या पाठशाला इंटर कालेज तथा एस०एस०सी० इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड द्वारा बनाई गई रंगोली की भी प्रशंसा की मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं को प्रेरित



करना है| मुख्य अतिथि महोदय को स्कार्फ एवं पटका पहनाकर और जिला सचिव श्रीमती पारुल त्यागी द्वारा बुके भेट कर स्वागत किया गया | इस अवसर पर शहीद स्मारक मेला समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिषेक कुमार जी (आईएएस) का समिति की ओर से स्वागत किया गया। विभिन्न विद्यालयों से श्री प्रीतम सिंह, सुरेंद्र शर्मा, मायरानी, संगीता कुमारी, संगीता रानी, नीति शर्मा, पूजा गोयल, वंदना सिंह, नीता कौशिक, अली मोहम्मद, राजकुमार, प्रदीप कुमार, तथा विभिन्न विद्यालयों के स्काउट/गाइड उपस्थित रहे |



## मण्डल – चित्रकूट

### जनपद – बाँदा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बांदा के तत्वाधान में निपुण जांच शिविर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा में दिनांक 19 से 23 अप्रैल 2024 में संपन्न हुआ | जिसमें श्री शिव प्रताप सिंह पाल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) चित्रकूट मंडल, श्री सरोज कुमार जिला सचिव, श्री बृजेश कुमार आई०टी० सहायक, श्रीमती स्मिता द्विवेदी जिला संगठन आयुक्त (गाइड), श्रीमती आराधना गौतम जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) प्रो० दीपाली गुप्ता प्राचार्य एवं श्रीमती सपना सिंह रेंजर प्रभारी राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा आदि उपस्थित रहे |



### जनपद – चित्रकूट

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद चित्रकूट के तत्वाधान में दिनाँक 3 मई 2024 को जिला सचिव सुरेश प्रसाद एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) प्रेमचंद के नेतृत्व में स्काउट गाइड, रोवर रेंजर द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पो०इ०का० चित्रकूट धाम, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी ने प्रतिभाग किया। इसके सफल आयोजन में चंद्रभागा सिंह, रामदयाल, ललित कुमार, आशीष साहू आदि का प्रमुख सहयोग रहा |



### जनपद – हमीरपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हमीरपुर के तत्वाधान में हमीरपुर की शान मिमिक्री आर्टिस्ट जय विजय सचान द्वारा मतदाताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपने अपने बूथ पर जाकर मतदान करने और एक अच्छे लोकतंत्र में सहभागी बनकर फ़र्ज़ निभाने की अपील सुपर स्टार अमिताभ बच्चन की आवाज में जरूर सुने और सुनाए तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनकर मतदान दिवस को अपने बूथ पर वोट भी अवश्य करें।



## जनपद – महोबा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के तत्वाधान में दिनांक 6 से 8 मई 2024 तक श्री काशी प्रसाद इंटर कॉलेज खरेला महोबा में प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य आदरणीय श्री अशोक सिंह एवं जिला सचिव आदरणीय श्री गया प्रसाद त्यागी जी के सानिध्य में संपन्न हुआ, प्रशिक्षण में श्री काशी प्रसाद इंटर कॉलेज खरेला के स्काउट एवं श्री गोकुल प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज खरेला की गाइड ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक के रूप में श्री जय प्रकाश दक्ष, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) एवं प्रशिक्षिका कु. साधना, ट्रेनिंग काउंसलर महोबा ने प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में श्री देवेंद्र मिश्रा स्काउट मास्टर, के० पी० आई० खरेला, श्रीमती अभिलाषा कुशवाहा गाइड कैप्टन ,गोकुल प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज खरेला ने सहयोग प्रदान किया। स्काउट कुंदन कुशवाहा, ऋषि पांडेय तथा गाइड प्रांशी, दिव्यांशी आदि ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया |



## मण्डल – झाँसी

## जनपद – झाँसी



जिला संस्था झाँसी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बेसिक गाइड कैप्टन कोर्स का, झांसी एवं चित्रकूट धाम मंडल का शिविर ज्ञानस्थली पब्लिक इंटर स्कूल, झांसी में दिनांक 24 से 30 जून की अवधि में आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिन पंजीकरण के पश्चात सभी प्रशिक्षार्थियों को पंजीकरण आवेदन फार्म भरवाते हुए भोजन के पश्चात ध्वजारोहण के बाद शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में लीडर ऑफ़ द कोर्स श्रीमती नीता त्रिपाठी, एल०टी०(गाइड) तथा सहायक के रूप में श्रीमती अनीता अवस्थी, ए०एल०टी० (गाइड) एवं अंजू प्रजापति जनपद महोबा उपस्थित रही। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) लखनऊ एवं झांसी मंडल पूनम संधू के नेतृत्व में शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें चित्रकूट धाम के चार जनपद से 22 प्रशिक्षार्थी एवं झांसी मंडल से 15 गाइड कैप्टन उपस्थिति रही। दैनिक कार्यक्रम, शिविर के नियम, फंडामेंटल ऑफ़ स्काउटिंग गाइडिंग के साथ सभी प्रशिक्षार्थियों को पेट्रोल में विभाजन किया गया।

## जनपद – ललितपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद ललितपुर के तत्वाधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त भारत स्काउट द्वारा प्रेषित प्रतीक चिन्ह तथा जिला मुख्यायुक्त का अधिकार पत्र माननीय जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रदान किया गया। प्रतीक चिन्ह के साथ जिला आयुक्त डॉ० ओमप्रकाश शास्त्री, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती पूनम मलिक, जिला सचिव श्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) डॉ० राजीव निरंजन, जिला कोषाध्यक्ष श्री रमेश कुमार तिवारी द्वारा मुलाकात कर स्काउट गाइड के प्रतीक चिन्ह के साथ जिला मुख्यायुक्त का अधिकार पत्र माननीय जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओम प्रकाश को प्रदान किया गया तथा उनसे भारत स्काउट गाइड जनपद ललितपुर के विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन हेतु अपना अमूल्य समय देने तथा उनकी सफल निर्देशन में विभिन्न गतिविधियों के संपन्न होने के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



# मण्डल – बरेली

## जनपद – बरेली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बरेली के द्वारा आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक तिलक इंटर कालेज बरेली में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला मुख्यायुक्त डॉ० हरिओम मिश्र जी ने किया जिसमें उन्होंने स्काउटिंग गतिविधियों की विस्तृत जानकारी पर चर्चा की तथा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री सितारा त्यागी को पुष्पपुंज समर्पित कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम की कार्यवाही डॉ० पुष्पकांत शर्मा जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) के द्वारा की गयी तथा गौरव पाठक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) के द्वारा वार्षिक संगठनात्मक कार्यक्रम पेश किया गया तथा आगामी वार्षिक संगठनात्मक कार्यक्रम पर चर्चा की गयी । कार्यक्रम में डॉ० रविशरण सिंह चौहान जिला सचिव, डॉ० हरीश स्वामी जिला कोषाध्यक्ष, डॉ० एस०पी० पाण्डेय जिला आयुक्त (स्काउट), रामश्री गंगवार संयुक्त सचिव, डॉ० बृजेश कुमार शर्मा सहायक आयुक्त (स्काउट), चमनजहाँ जिला हेडक्वार्टर आयुक्त (गाइड), सुशील कुमार जिला हेडक्वार्टर आयुक्त (स्काउट), सरिता जिला संगठन आयुक्त (गाइड), राकेश कुमार शर्मा आजीवन सदस्य प्रतिनिधि, सरोज राठौर जिला काउंसलर गाइड तथा विभिन्न पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन डॉ० पुष्पकांत शर्मा ने किया ।



## जनपद – पीलीभीत

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद पीलीभीत के तत्वाधान में दिनांक 12 मई 2024 को रामलुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का समापन सफलतापूर्वक किया गया । शिविर का शुभारंभ सर्वप्रथम प्रार्थना के साथ हुआ, इसके पश्चात ध्वज शिष्टाचार कर विभिन्न प्रकार के टेंट का निर्माण किया गया जिसमें कैंप फायर टेंट, मीनार टेंट, पांच डंडों का टेंट, दो डंडों का टेंट और इग्लू टेंट इत्यादि बनाएं । तदोपरांत समस्त इकाइयों ने फूड प्लाजा तैयार किया जिसमें एक पर पदार्थ को एक खाद्य पदार्थ बनाया इस अवसर पर शिविर में अतिथि रुप में शिवम कश्यप महाविद्यालय प्राचार्य डॉ०





अंबा प्रसाद एवं विद्यालय स्टाफ के द्वारा शिविर के अंत में अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । जिसमें बेस्ट रेंजर अंशिका राना, बेस्ट लॉग बुक विशाखा शर्मा को दिया गया । शिविर के अंत में समस्त आए हुए अतिथियों ने रेंजर्स को आशीष वचन दिए एवं जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडे, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अभिषेक पाण्डेय, ट्रेनिंग काउंसलर पीलीभीत तनुष्का शर्मा एवं सहायक श्रद्धा सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए ।

## जनपद – शाहजहाँपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद शाहजहाँपुर के तत्वाधान में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क जल सेवा शिविर में आदरणीय श्रीमान रणवीर सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा स्काउट गाइड के साथ राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया भीषण गर्मी में सेवा के पुनीत कार्य में लगी सुश्री निकहत परवीन स्काउट मास्टर जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सुश्री दर्पिंदर कौर जिला गाइड कैप्टन व स्काउट अंकित कुमार, सत्यम मिश्रा, इंद्रसेन वर्मा, जितेंद्र वर्मा, रिंकू वर्मा सुमित वर्मा गाइड शोभा वर्मा, अंशिका कश्यप, कोमल वर्मा, पूनम कश्यप, को मेडल के साथ सम्मानित किया गया । तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा तंबाकू निषेध दिवस की शपथ भी दिलाई गई इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती रश्मि सक्सैना एवं नगर वासी उपस्थित रहे ।



## जनपद – बदायूं

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बदायूं के तत्वावधान में गांधी नेत्र चिकित्सालय पर जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मोहम्मद असरार, पूर्व जिला ट्रेनिंग आयुक्त संजीव कुमार शर्मा और जिला समन्वयक (आई०टी०) शमशाद हुसैन के नेतृत्व में नि:शुल्क जल सेवा शिविर दिनाँक 21 से 16 मई 2024 तक लगाया गया। स्काउट गाइड ने लोगों को शीतल जल पिलाया। संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना और ज़िला विद्यालय निरीक्षक डॉ० प्रवेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्यायुक्त ने कहा कि जल अमृत है, जल की एक एक बूंद जीवन शक्ति प्रदान करती है। भीषण गर्मी में प्यासों को पानी पिलाकर जो अलौकिक आनंद की अनुभूति होती है। तथा ज़िला विद्यालय निरीक्षक डॉ० प्रवेश कुमार ने कहा कि भारत स्काउट गाइड संस्था बदायूं द्वारा भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल लोगों को पानी पिलाने का पुनीत कार्य सराहनीय है। गुजरात के अहमदाबाद से आए अतिथि अमित अभयानंद सक्सेना ने कहा कि स्काउट संस्था द्वारा जो सेवा का कार्य किया जा रहा है अति सराहनीय है। सुरुचि, वंदना सिन्हा, श्रेया सक्सेना, अथर्वी सक्सेना, अधिगम सक्सेना, अंकित, पवनीश, सचिव, रिया कश्यप, रितु कश्यप, उमरा, इकरा आदि ने मौजूद रह कर सेवा कार्य किया।



## मण्डल – बस्ती

### जनपद – बस्ती



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बस्ती के द्वारा स्थानीय स्काउट भवन सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से लोगों को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया, जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बस्ती डॉ० कुलदीप सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई, कहा कि मजबूत लोक तन्त्र के लिए स्वतंत्र और शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) बस्ती मण्डल राकेश कुमार सैनी ने मतदान की महत्ता को रेखांकित किया, जिला संगठन आयुक्त स्काउट प्रताप शंकर पांडेय और जनपदीय बैज कमेटी अमर चंद्र वर्मा ने अपने विचार रखे, आदर्श मिश्रा अध्यक्ष जिला युवा समिति, विजय सचिव जिला युवा समिति, प्रमोद ट्रेनिंग काउंसलर, अनंत, मंगलेश, पंकज आदि मौजूद रहे।

### जनपद – संतकबीर नगर

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद संतकबीर नगर के तत्वाधान में भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, अल्मोड़ा, शीतलाखेत में नेचर स्टडी कैंप के लिए संतकबीर नगर के 15 स्काउट और गाइड जिला आयुक्त (कब) श्री प्रदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में बाग एक्सप्रेस से काठगोदाम के लिए रवाना हुए वहां से बस द्वारा शीतलाखेत अल्मोड़ा में आयोजित चार दिन तक जंगल पहाड़ आदि प्राकृतिक वातावरण में रहकर के कठिन परिस्थितियों में जीने का एवं आपदा प्रबंधन के गुणों को सीखेंगे इस टीम में बाल विद्यालय प्रसादपुर के 10 बच्चे और हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के पांच बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं।



# मण्डल – सहारनपुर

## जनपद – मुजफ्फरनगर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मुज़फ्फरनगर के तत्वाधान में मानव कल्याण परिषद द्वारा निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर ठंडी मीठी छबील का आयोजन मुजफ्फरनगर। मानव कल्याण परिषद के द्वारा प्रात: निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर ईदगाह चौराहे के पास ठंडी मीठी छबील का परम्परागत आयोजन किया गया। | स्काउट गाइड के बच्चो के इस पुनीत कार्य को देखते हुए आने जाने वाले लोगो ने खूब सराहना किया |

## जनपद – सहारनपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद सहारनपुर के तत्वाधान में नेचर स्टडी कम ट्रैकिंग कार्यक्रम के लिए सहारनपुर की टीम शीतलाखेत रवाना हुई डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त जी के निर्देशन में भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतलाखेत में आयोजित होने वाले नेचर स्टडी कैम्प में जिला संस्था सहारनपुर के अध्यक्ष डॉ० दिनेश चंद्र (आई०ए०एस०) जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/ जिला मुख्यायुक्त श्री सुमित राजेश महाजन, जिला कोषाध्यक्ष/ मुख्य ट्रेजरी ऑफिसर श्री सूरज कुमार जी, जिला उपाध्यक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक श्री विनोद कुमार जी, जिला सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता जी के मार्गदर्शन में जिला संस्था सहारनपुर की टीम को जिला कार्यालय भारत स्काउट और गाइड सहारनपुर से नेचर स्टडी कम ट्रैकिंग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड) के लिए रवाना किया गया जिसमे विशेष रूप से जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री अनिल कुमार शर्मा,स्काउटर प्रतिनिधि श्री अमर शर्मा हिमालय वुड बैज, बेसिक स्काउट मास्टर श्री सुमित शर्मा, आईटी कॉर्डिनेटर श्री मोहित कुमार, गाइड कैप्टन कुमारी प्रियंका शर्मा जी इत्यादी उपस्थिति रहे।




## जनपद – शामली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के जिला संस्था शामली के अध्यक्ष श्री रविन्द्र सिंह जी (आई०ए०एस०) जिला अधिकारी शामली, मुख्यविकास अधिकारी एंव जिला मुख्यायुक्त श्रीमान् विनय कुमार तिवारी जी एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी, जिला विद्यालय निरीक्षक शामली श्री जे०एस० शाक्य जी, जिला कोषाध्यक्ष श्री अभिषेक शर्मा जी के संरक्षण एवं निर्देशन में जनपद में नि:शुल्क जल सेवा शिविर एवं विभिन्न योग शिविरों का आयोजन कराया गया, तथा जनपद में प्रशिक्षणात्मक एवं संगठनात्मक गतिविधियों को संचालित किया गया। प्रदेश स्तरीय बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता में गतवर्ष की भाति इस वर्ष भी जनपद की दो गाइड कु० तन्नू और कु० रचना ने अपना स्थान सुरक्षित करके जनपद और अपनी शिक्षण संस्था का नाम रोशन किया है। समस्त कार्यक्रमों को सफल बनाने में जिला आयुक्त (स्काउट) श्री कैप्टन लोकेन्द्र सिंह, जिला आयुक्त (गाइड) डॉ० प्रतिभा सैनी जी, डॉ० अमित मलिक जी, डॉ० पूजा मलिक जी, डॉ० नीतू त्यागी जी, डॉ० अंकिता त्यागी जी, श्री विनोद वर्मा जी एवं जिला बेसिक स्काउट मास्टर श्री सचिन कुमार जी आदि का विशेष सहयोग रहा।





## मण्डल – लखनऊ

### जनपद – लखनऊ



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 09 अप्रैल 2024 को सेन्टीनियल इण्टर कालेज, गोलागंज में मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया| लोक सभा निर्वाचन, 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु विभिन्न स्थानो पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का शुभारंभ डॉ० आर०पी० मिश्र, जिला आयुक्त गाइड, संगीता अग्रवाल एवं जिला सचिव अनिल शर्मा द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन चारबाग रेलवे स्टेशन, डी०आर०एम० आफिस, निकट श्रीराम टावर, के० जी०एम०यू० चौक एवं यू०पी० प्रेस क्लब पर किया गया। मतदाताओं को मतदान हेतु आकर्षित करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक में आम जनमानस को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। नाटक का संचालन जिला सगठन आयुक्त (गाइड) मधु हंसपाल द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के रोवर/रेंजर तथा शशि भूषण बालिका विद्यालय की छात्रोंओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

### जनपद – रायबरेली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली के तत्वाधान में दिनांक 20 अप्रैल 2024 में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत होने वाले लोकसभा निर्वाचन हेतु दीप प्रज्वलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी



रायबरेली एवं पुलिस अधीक्षक तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला सचिव शत्रुघ्न सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिवेदी, जिला आयुक्त (स्काउट एडल्ट) रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, जिला आयुक्त (गाइड एडल्ट) स्मिता मिश्रा, जिला आयुक्त (स्काउट) महेंद्र सिंह जिला आयुक्त (गाइड) पूनम वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) साधना शर्मा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) देवेंद्र कुमार बाजपेई, जिला गाइड कैप्टन निरुपमा बाजपेई, स्काउटर हरिनाथ पांडेय, गोविंद कुमार सोनी ,गाइडर वंदना श्रीवास्तवा एवं अन्य स्काउटर गाइडर के साथ-साथ स्काउट एवं गाइड की भूमिका सराहनीय रही तथा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत दीप प्रज्वलन का कार्य विधिवत संपादित किया गया स्काउट एवं गाइड के द्वारा किए गए कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

### जनपद – उन्नाव

जिला संस्था उन्नाव के द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2024 को राजकीय महाविद्यालय गोसाईखेड़ा उन्नाव मे चल रहे रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिवस का कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर दीप्ति खरे जी के कुशल दिशा निर्देशन एवं प्रभारी रेंजर्स ज्योति बाजपेई एवं रोवर्स प्रभारी श्री पुष्पेंद्र कुमार के संरक्षण में, संपन्न हुआ। रेंजर्स प्रशिक्षक श्रीमती मंजू कनौजिया तथा रोवर्स स्काउट प्रशिक्षक श्री भरत कुमार ने शिविर का शुभारंभ प्रार्थना से किया, तत्पश्चात छात्र छात्राओं को गांठ बंधने पुल का निर्माण एवं टेंट बनाना, गैजेट्स के लिए स्टैंड बनाना आदि के संबंध में भी बारीकी से सिखाया। जिला आयुक्त (स्काउट) श्री अजब सिंह तथा जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती किरन भारती ने रोवर्स रेंजर्स द्वारा बनाए गए टेंट का परीक्षण किया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं कर्मचारियों ने अपने अमूल्य योगदान दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर दीप्ति खरे जी के संपूर्ण दिशा निर्देशन में रेंजर्स का प्रशिक्षण कार्य सकुशल संपन्न हुआ।





# मण्डल – प्रयागराज

## जनपद – प्रयागराज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज दिनांक 21 जून 2024 को भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र मम्फोर्डगंज प्रयागराज के परिसर में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम श्री केशव प्रसाद मौर्य जी के नेतृत्व एवं जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर प्रयागराज जनपद से 500 स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन के साथ योग बड़े धूमधाम से मनाया गया।



## जनपद – कौशाम्बी



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के तत्वधान में स्काउट गाइड बैंड पार्टी के द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंझनपुर तक निकाली गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० सुष्पेंद्र कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ० अनुपमा मिश्रा, एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्याम बाबू यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक संचालित किया जायेंगा, जिसके अन्तर्गत जनपद वासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेंगा।

## जनपद – प्रतापगढ़




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद प्रतापगढ़ के तत्वाधान में जिला मुख्यायुक्त प्रतापगढ़ ने जिला संस्था के कार्यालय कक्ष का उद्घाटन दिनांक 21 जून 2024 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० जिला संस्था प्रतापगढ़ के कार्यालय कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला मुख्यायुक्त/ जिला विद्यालय निरीक्षक/ उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ सरदार सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला आयुक्त (स्काउट) व प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी, जिला आयुक्त (गाइड) व प्रधानाचार्या गीता यादव, जिला सचिव, प्रधानाचार्य डॉ० राघवेंद्र पांडेय, कोषाध्यक्ष गरिमा श्रीवास्तव, जिला मुख्यालय आयुक्त डॉ० विंध्याचल सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) राजाराम यादव, सहायक आयुक्त (स्काउट), डॉ० अनुपम ओझा, नीलम शुक्ला , प्रधानाचार्य डीएवी इंटर कालेज प्रतापगढ़ अवधेश विश्वकर्मा, जिला स्काउट मास्टर (बेसिक) प्रतापगढ़ सुशील कुमार सिंह, संजीव कुमार शर्मा, प्रमोद तिवारी, गजेंद्र तिवारी, ट्रेनिंग काउंसलर्स शीला देवी, प्रिया मिश्रा, अरविंद सरोज आदि उपस्थित रहे। जिला मुख्यायुक्त व डीआईओएस ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यालय कक्ष के बन जाने से अब स्काउट गाइड संबंधी कार्यों के निष्पादन, कार्यालय संबंधी अभिलेखों व फाइलों के रख रखाव आदि में सुगमता होगी।



## मण्डल – अयोध्या

### जनपद – अम्बेडकर नगर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अंबेडकर नगर के तत्वाधान में दिनांक 18 जून 2024 को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया अंबेडकरनगर में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद अंबेडकर नगर के द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह की प्रेरणा के फलस्वरुप बड़े मंगल के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी के पूजन के पश्चात उक्त अधिकारी द्वय द्वारा प्रसाद वितरण के साथ किया गया।इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त डॉ० तारा वर्मा, जिला आयुक्त (स्काउट) राजेंद्र चौधरी, जिला आयुक्त (गाइड) नीलम वर्मा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) बलिराम राजभर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) रमेश कुमार यादव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सत्यवती देवी, जिला स्काउट मास्टर रविंद्र कुमार, प्रधानाचार्य हरेंद्र यादव, सुमित्रा देवी, प्रमिला, रंजना, जितेंद्र कुमार पांडेय, डॉ० सुरेश कुमार तिवारी एवं विपुल, जिला व्यायाम शिक्षक मो० हसन स्काउट मास्टर रवि प्रकाश चौधरी, सहायक सचिव चंद्रपाल वर्मा एवं ट्रेनिंग काउंसलर विजयलक्ष्मी, लक्ष्मी, अंजलि, दीपक, रत्नेश, गाइड उजाला आदि लोग उपस्थित रहे।इस भंडारे में पूरे दिन लोगों ने उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया और स्काउट गाइड के समस्त पदाधिकारियों सहित सभी स्काउट गाइड ने सेवा भाव के साथ सहयोग किया।



### जनपद – अमेठी



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के तत्वाधान में दिनाँक 20 मई 2024 को जिला प्रशासन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 (पाँचवें चरण) में 37-लोकसभा क्षेत्र- अमेठी में श्रीमती रीता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला मुख्यायुक्त और जनपद के समस्त पदाधिकारी श्री मान सिंह जिला आयुक्त (स्काउट), डॉ० फूलकली गुप्ता, जिला आयुक्त (गाइड), श्री राम प्रकाश सिंह, जिला सचिव, डॉ० लाल सिंह, मुख्यालय आयुक्त (स्काउट) के दिशानिर्देशन भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, अमेठी के स्काउट/ गाइड ने स्वयंसेवक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की। जिसमें सभी स्काउट/ गाइड ने अपने निकटवर्ती बने निर्वाचन बूथों पर जाकर वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों का सहयोग किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन शशांक यादव, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) के द्वारा किया गया। जिसमें जिला ट्रेनिंग काउंसलर सचिन शर्मा, सचिन विश्वकर्मा, निखिल सिंह, शुभम कुमार व ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट) सनी साहू, प्रतीक सिंह, वरिष्ठ लिपिक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राकेश कश्यप, श्री दुर्गेश पाल, स्काउट मास्टर हरिलाल गौतम, अवधेश सिंह, राज कुमार कश्यप, बद्री प्रसाद शुक्ल, शिवशंकर कश्यप, जितेंद्र यादव, जय चौरसिया आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया। उक्त कार्यक्रम में श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज, अमेठी, श्री रणवीर इण्टर कॉलेज, रामनगर, राजकीय इंटर कॉलेज, टीकरमाफी, जनता इंटर कॉलेज, रामगंज, श्री आसलदेव इंटर कॉलेज, पीपरपुर, श्री निषादराज इंटर कॉलेज, किटियाँवा, शन्नो देवी सुरभि सेवा बालिका इंटर कॉलेज, शाहमऊ, ए०एच० इंटर कॉलेज, जगदीशपुर के कुल - 111 स्काउट और गाइड एवं प्रशिक्षकों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

## जनपद – बाराबंकी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बाराबंकी के तत्वाधान में विकास खण्ड फतेहपुर के प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर द्वितीय प्रांगण में कब बुलबुल उत्सव स्काउट गाइड रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर, श्रीमती आराधना अवस्थी जी द्वारा देवी मां शारदे की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर शिष्टाचार जिला मुख्यायुक्त डॉ० रामकुमार गिरि, जिला आयुक्त (स्काउट) दिनेश चंद्र पाण्डेय जिला गाइड कैप्टन श्रीमती ऋतु अग्निहोत्री जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक संपन्न कुमार निगम बेसिक फ्लॉक लीडर नीतू वर्मा के द्वारा समारोह संपन्न किया गया। इसके पश्चात कब ग्रीटिंग का आयोजन किया गया, बुलबुल द्वारा स्वागत गीत और निपुण एंथम का आयोजन किया गया जिसकी सभी अतिथियों ने भूरि भूरि प्रशंसा की इसके पश्चात कब के द्वितीय चरण और बुलबुल कोमल पंख के प्रमाण पत्र का वितरण खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने किया।




बच्चों को आशीर्वाद देते हुए डॉ० रामकुमार गिरी ने कहा की स्काउटिंग के माध्यम से व्यक्ति में अनुशासन का विकास होता है और अनुशासित व्यक्ति देश का सुयोग्य नागरिक बनता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संपन्न कुमार निगम ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का आयोजन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री की देखने में किया गया इस अवसर पर सैकड़ो का बुलबुल स्काउट गाइड के साथ-साथ प्रेरक अभिभावक उपस्थित रहे।

## मण्डल – मुरादाबाद

## जनपद – अमरोहा

जिला संस्था अमरोहा के द्वारा अपर जिला अधिकारी/ जिला मुख्यायुक्त अमरोहा के निर्देशन में जनपद के विभिन्न स्थानों पर शीतल पेयजल शिविरों का आयोजन किया जा गया। इसी श्रृंखला में आई०एम० इंटर कॉलेज अमरोहा के स्काउट मास्टर एवं जिला संस्था के जिला सचिव श्री जैद बिन अली जी के नेतृत्व में हुसैनी स्काउट दल द्वारा पेयजल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरम्भ पूर्व जिला मुख्यायुक्त एवं प्रधानाचार्य डॉ० जी०पी० सिंह एवं डॉ० जमशेद कमाल प्रधानाचार्य आई०एम० इंटर कॉलेज अमरोहा ने फीता काटकर किया। तदोपरांत स्काउट यूनिट के सदस्यों के द्वारा राह में चल रहे प्यासे राहगीरों को शीतल जल पिलाकर प्यास बुझाई। इस अवसर पर डॉ० जी०पी० सिंह ने कहा कि स्काउटिंग का प्रमुख कार्य दूसरों की सेवा करना है। सेवा के भाव को ध्यान में रखते हुए ही इस शिविर का आयोजन किया गया।



## जनपद – रामपुर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद रामपुर के तत्वावधान में दिनांक 5 जून 2024 को जिला कार्यालय स्काउट भवन पर स्काउट गाइड द्वारा जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री योगेन्द्र पाल सिंह, प्रधानाचार्या डॉ० रुपा अग्रवाल, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) जीतू कुमार एवं श्रीमती नरवन्तकौर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री प्रेमपाल सिंह एवं श्रीमती जमाल फात्मा, जिला स्काउट मास्टर श्री भुजवीर सिंह, स्काउटर सचिन सिंह, नितिन राजपूत, प्रणव कुमार, शाहरोज खां एवं स्काउट-गाइड उपस्थित रहे।

## जनपद – बिजनौर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बिजनौर के विकास खंड कोतवाली व तहसील नगीना इकाई ने जिला स्काउट मास्टर अशोक कुमार एवं तहसील प्रभारी सुनील कुमार द्वारा यात्रियों और राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने हेतु रोडवेज बस स्टैंड नगीना में दो दिवसीय नि:शुल्क शीतल जल शिविर लगाया गया। शिविर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय रजपुरा के स्काउट और गाइड तथा एच०आइ०सी० कॉलेज नगीना के स्काउट ने हजारों यात्रियों एवं राहगीरों को नि:शुल्क शीतल जल पिलाया। दो दिवसीय कैंप का उद्घाटन करते हुए कोतवाल सुनील कुमार एवं युवा समाज सेवी चेयरपर्सन पुत्र शहनाज खलील ने पानी पिलाने को सबसे बड़ी सेवा व पुनीत कार्य बताया तथा स्काउट/ गाइड के साथ मिलकर यात्रियों को स्वयं जल पिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुंवर शरद कुमार सदस्य डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चरल कोर कमेटी, यशपाल सिंह अध्यक्ष शिक्षक



संघ, नौसाद अंसारी वरिष्ठ पत्रकार, मनीष कुमार, दीपक कुमार मिश्रा, मीनाक्षी चौधरी, शेषनाथ, कंपनी लीडर भावना शर्मा, ग्रुप लीडर आदित्य कुमार, प्रदीप कुमार, गार्गी चौहान, नेहा काकरान, कृष्ण कश्यप, राफिया, अरहाम, राधिका, दामिनी, सायमा, सचिन सैनी, विद्युत प्रकाश, मयंक आदि ने जल शिविर में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

# मण्डल – कानपुर

## जनपद – इटावा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद इटावा के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्काउट गाइड के लगभग 60 बच्चो ने प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा तरह-तरह के स्लोगन और नारों का प्रयोग करके इटावा शहर के सभी नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पहली बार बच्चों ने स्केटिंग करते हुए रैली निकाली। जिला आयुक्त मंजू भदौरिया ने झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहायक सचिव डॉ० विपिन कुमार, स्काउट मास्टर कुलदीप कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अच्युत कुमार त्रिपाठी, ब्लॉक गाइड कैप्टन महेवा अर्चना चौधरी ,ब्लॉक स्काउट मास्टर ब्रजेंद्र पाल, सम्मिलित हुए। संगठन पदाधिकारी गणो के साथ-साथ बच्चों के अभिभावकों ने भी मतदाता जागरूकता रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिला संगठन आयुक्त स्वीटी मथुरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया ।



## जनपद – कानपुर नगर




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कानपुर नगर के तत्वाधान में दिनांक 08 अप्रैल 2024 को स्काउट भवन में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान और होली मिलन का समारोह गरिमामय ढंग से रंगारंग आयोजित किया गया। तथा विभिन्न स्कूलों ने जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और पेंटिंग से देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। सूर्य देव की आग बरसाती रश्मियों से राहत दिलाते हुए प्यासे राहगीरों का शरबत और शीतल जल से स्वागत किया गया। और एक दिवसीय हाईक में जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती स्मित तिवारी और संयुक्त सचिव सर्वेश तिवारी के नेतृत्व में बिठूर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थानों से बच्चों का परिचय कराया गया। यह समस्त कार्यक्रम जिला मुख्यायुक्त श्री सुधीर कुमार, आई०ए०एस० और सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त व जिला सचिव श्रीमती प्रज्ञा सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया।

## मण्डल – आगरा

### जनपद – आगरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद आगरा के तत्वाधान में दिनांक 13 अप्रैल 2024 को पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगरिया ताजपुर में स्कूल चलो अभियान एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्मिलित रूप से आयोजित किया गया। मतदाता शपथ कार्यक्रम में आज सर्वप्रथम छात्रों द्वारा गांव में प्रभात फेरी एवं स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई तत्पश्चात विद्यालय परिसर में स्काउट गाइड की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम प्रधान श्री अनिल कुमार ने सभी मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान के दिन सर्वप्रथम मतदान करने की अपील की अंत में सभी छात्र-छात्राओं प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री हीलेंद्र शर्मा तथा दुर्गा शक्ति गाइड कंपनी की यूनिट लीडर श्रीमती रेनू भारद्वाज ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद एवं मतदान के लिए शपथ ग्रहण करने के लिए सभी का आभार जताया। एवं अभिभावको ने मतदान करने की शपथ ली कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कप्तान सिंह जी ने किया|




### जनपद – मथुरा




भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद मथुरा के तत्वाधान में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मथुरा के पावन धाम वृन्दावन में सशक्त लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्काउट गाइड के बी०एड० के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

### जनपद – मथुरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला सचिव डॉ० सहदेव सिंह चौहान जी के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में भारत स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया, विभिन्न विद्यालयों के स्काउट पाली इंटर कॉलेज शिकोहाबाद, एल आर इंटर कॉलेज जसराना, एसआरके इंटर कॉलेज फिरोजाबाद, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़िया, शिकोहाबाद ओपन यूनिट के स्काउट ने प्रतिभाग किया, आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा स्काउट गाइड्स के कार्यक्रम की सराहना की गई इस कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त आनंद बाबू, विनीत सिंह, भास्कर आर्य, मुकेश कुमार पिथौरा, के साथ-साथ अन्य यूनिट लीडर्स ने भी प्रतिभाग किया

### जनपद – फिरोजाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला सचिव डॉ० सहदेव सिंह चौहान जी के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया, विभिन्न विद्यालयों के स्काउट पाली इंटर कॉलेज शिकोहाबाद, एल०आर० इंटर कॉलेज जसराना, एस०आर०के० इंटर कॉलेज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़िया, शिकोहाबाद ओपन यूनिट के स्काउट ने प्रतिभाग किया| आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा स्काउट गाइड के कार्यक्रम की सराहना किया इस कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) आनंद बाबू, विनीत सिंह, भास्कर आर्य, मुकेश कुमार पिथौरा, के साथ-साथ अन्य यूनिट लीडर्स ने भी प्रतिभाग किया



## मण्डल – देवीपाटन

### जनपद – श्रावस्ती



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था श्रावस्ती के द्वारा सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान तुलसीपुर में चल रहे बी०एड० पांच दिवसीय अनिवार्य स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर दिनांक 21 से 25 जून 2024 तक आयोजित किया गया जिसमे प्रशिक्षक के रूप में रोहित पाण्डेय जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), राजेश यादव जिला प्रशिक्षण आयुक (स्काउट) जी रहे।

### जनपद – गोंडा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गोंडा के तत्वाधान में विद्यालय में देवीपाटन मंडल के नवनियुक्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री राकेश सैनी जी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री ज्ञानेश गुप्ता जी, संस्था के पर्याविद डॉ० ध्रुव कुमार शुक्ला एवं स्काउट गाइड और एन०सी०सी० कैडेटो द्वारा पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया और वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया गया। जिला सचिव मेजर राजेश द्विवेदी जी भी उपस्थित रहें|



## मण्डल – गोरखपुर

### जनपद – महाराजगंज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद महराजगंज के तत्वाधान में स्काउट गाइड के बच्चो के द्वारा जनपद के विभिन्न मतदान बुथो पर बुजुर्ग/ दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक ले जाने और ले आने में सहयोग किया और मतदाताओ ने स्काउट गाइड के बच्चों के कार्य देखकर अति प्रशन्नता व्यक्त किया |





### जनपद – कुशीनगर

जिला संस्था कुशीनगर के तत्वाधान में किसान इंटर मीडिएट कॉलेज पिपरा बाजार, कुशीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दसवें वर्षगांठ पर योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी थीम के अंतर्गत योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें योग प्रशिक्षण करा रहे कार्यक्रम अधिकारी धनन्जय कुमार ने कहा कि निरंतर योगाभ्यास करते रहने से सभी प्रकार के विकृतियों से बचा जा सकता है।उक्त कार्यक्रम में स्काउट गाइड के छात्र/छात्राएं सहित विद्यालय के शिक्षक डॉ० विष्णु प्रताप चौबे, संजय गौतम, सतीश कुमार कुशवाहा, लिपिक योगेंद्र यादव सहित विभिन्न स्थानीय लोग एवं सदर विधायक मनीष जयसवाल की उपस्थिति रही।



# मण्डल – अलीगढ़

## जनपद – हाथरस

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हाथरस के तत्वाधान में दिनांक 18 जून 2024 से तीन दिवसीय नि:शुल्क जल और शर्बत वितरण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्य आयुक्त, उप शिक्षा निदेशक, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हाथरस व जिला आयुक्त (गाइड) ममता उपाध्याय के संयुक्त द्वारा फीता काटकर किया गया। जो जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगाया गया। यह शिविर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकट सासनी गेट चौराहा, बांग्ला गेट हाथरस में लगाया गया। इस शिविर में मुख्यायुक्त ने अपने वक्तव्य में स्काउट और गाइड के इस नि:स्वार्थ सेवा भाव की भूरी भूरी प्रशंशा की कि इस भीषण गर्मी में स्काउट और गाइड द्वारा इस चौराहा से गुजरने वाले राहगीरों को शर्बत वितरित किया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय उक्त शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्काउट मास्टर विकास कुमार, दीपक कुमार शर्मा, आईटी कॉर्डिनेटर रूपेश गौतम , सुनील कुमार व गाइड कैप्टन में रूपम कुशवाहा, तथा स्काउट मे चंद्र प्रकाश, प्रियांक गुप्ता, पुष्पेंद्र, हर्ष कुमार , आदि का विशेष सहयोग रहा।



## जनपद – एटा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद एटा के तत्वाधान में राष्ट्रीय संचारी रोग नियन्त्रण अभियान की जनपदीय जनजागरण रैली आदरणीय श्री विपिन वर्मा डेविड जी सदर विधायक एटा, आदरणीय जिला अधिकारी महोदय श्री प्रेम रंजन जी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय श्री दिनेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संचालित करते हुए डॉ० विनय कुमार गुप्ता लीडर ट्रेनर स्काउट एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त एटा उपस्थित रहे।



## जनपद – कासगंज





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कासगंज के तत्वाधान में सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज कासगंज के स्काउट ने दोपहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन पर स्टीकर लगाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया साथ ही घर-घर जाकर जनमानस को चुनाव पर्व। को वोट डालने के लिए आग्रह किया यह कार्यक्रम मिशन अस्पताल चौराहा से ऑफीसर्स कॉलोनी होते हुए विद्यालय आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक श्री लक्ष्मण सिंह, स्वीप प्रभारी डॉ० जयंत कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य श्री डी०एस० पाल स्काउट प्रभारी श्री अभिषेक पांडे व स्काउट गोविंद कुमार मोहम्मद अनस, कृष्ण गुप्ता, शौर्य पांडे, शुभ बाजपेई, दीपक, हर्षित उपस्थित रहे। लोगों ने स्काउट के इस अपील को स्वीकार करते हुए उनकी इस पहल की प्रशंसा के साथ उन्हें बहुत-बहुत आशीर्वाद प्रदान किया।





## मण्डल – मिर्ज़ापुर

### जनपद – मिर्ज़ापुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मिर्ज़ापुर के तत्वाधान में दिनांक 21 जून 2024 को योग दिवस राजकीय इंटर कॉलेज महूरिया मिर्ज़ापुर में आयोजित किया गया| इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री श्री आशीष पटेल जी एवं नगर विधायक श्री रतनाकर मिश्र, श्रीमती प्रियंका निरंजन जिलाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड मिर्ज़ापुर के दिशा निर्देशन में बहुत ही भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड संस्था की तरफ से लगभग 150 स्काउट गाइड एवं 100 स्काउटर/गाइडर ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री राजेश कुमार प्रजापति मिर्ज़ापुर श्री अमरनाथ सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक/ मुख्यालय मार्गदर्शन में सभी स्काउट/ गाइड ने योगाभ्यास किया, श्री अनिल कुमार वर्मा बेसिक शिक्षा अधिकारी मिर्ज़ापुर, श्री बेचन सिंह, श्रीमती अनीता यादव, श्री महेंद्र नाथ, मनोज कुमार नीलम, कुलदीप कुमार शुक्ला, उषा कनक पाठक, श्रीमती संगीता विश्वकर्मा, के एम शुक्ला, संजय कुमार, सर्वेश कुमार सिंह, अशोक कुमार पाण्डेय, भगवती प्रसाद, संजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार मौर्या, श्रीमती ललिता मौर्य, राजन सोनकर, हर्सुद्दीन, कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री मुकेश कुमार सिंह ने किया |








## OUR WEBSITE www.bsgup.org

**This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….** **Please Visit & Share Our Website**

- FOUNDATION OF SCOUTING
- DEVOLOPMENT OF INDIAN SCOUTING
- GROWTH OF STATE SCOUTING
- OUR LEGEND
- MILESTONE
- ACHIEVEMENT
- OUR ACCESS

- VISION & MISSION
- OUR FUNDAMENTAL
- EMBLEM & FLAGS
- CHARACTER
- RELIGIOUS AND MORAL POLICY
- SCOUT OWN & GUIDE OWN
- WORKING POLICY & REGISTRATION
- RANK & APPOINTMENT
- UNIFORMS & RANKS

- ORGANOGRAM
- STATE ASSOCIATION
- STRUCTURE
- PATRON
- PRESENT LEADERSHIP
- OUR TEAM
- DISTRICT ASSOCIATION
- MILESTONE
- ACHIEVEMENT
- OUR ACCESS

- YOUTH PROGRAM
- CUB/BULBUL SCOUT/GUIDE ROVER/RANGER
- ADULT PROGRAM
- UNIT LEADERS
- ADULT LEADERS
- LEADERS OF ADULT
- ANNUAL PLAN
- YOUTH / ADULT

- DISTRICT & DIVISIONAL PAGE




- CONTACT DETAILS OF STATE DIVISIONAL AND DISTRICT LEVEL OFFICERS
- SPONSOR

- OUR PUBLICATION
- MONTHLY BULLETIN
- NEWS COVERAGE

- CIRCULARS
- YOUTH PROGRAM
- ADULT PROGRAM
- STATE HEADQUARTERS
- APPLICATIONS
- OFFICE ORDERS SHQ
- OFFICE ORDERS GOVT.

- SCHMES & AWARDS
- LOGIN FOR BSGUP SOFTWARE

Please Visit & Share Our Website
www.bsgup.org




**Office E Mail : upscoutsguides@yahoo.com**
**IT Department E Mail : bsgup.org@gmail.com**
**Magazine E Mail : itbsgup@gmail.com**

प्रश्नोत्तरी

# BSG ज्ञान क्विज़

For : Cub / Bulbul
Scout / Guide
Rover / Ranger

## कब/बुलबुल :-

प्रश्न 01 –कब दक्षता बैज को कितने भागो में विभाजित किया गया है ?
(A) 03 (B) 04 (C) 05 (D) 12

प्रश्न 02 – चतुर्थ चरण कब के प्रमाण पत्र पर किसका हस्ताक्षर होता है ?
(A) कब मास्टर (B) जिला संगठन कमिश्नर (C) प्रादेशिक सचिव (D) प्रादेशिक मुख्यायुक्त

प्रश्न 03 – एक कब गोल्डन एरो बैज को कहां लगाएगा ?
(A) बायीं जेब के ऊपर (B) दायीं जेब के ऊपर
(C) बायीं बाँह के मध्य में (D) दायीं बाँह के मध्य में

प्रश्न 04 – POW BOW क्या होता है ?
(A) कब अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार (B) कब काउंसिल
(C) फ्लाक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था (D) फ्लाक काउंसिल

प्रश्न 05 – बुलबुल यूनिफार्म में उनके मोजों का रंग होता है?
(A) सफेद (B) स्किन कलर (C) काला (D) कोई भी

प्रश्न 06 – बुलबुल के स्वर्ण पंख बैज किस रंग का होता है?
(A) नीला (B) गोल्डन (C) रजत (D) सफेद

प्रश्न 07 – एक बुलबुल को किसी कैम्प में भाग लेने के लिये उसकी उम्र और योग्यता क्या होनी चाहिए?
(A) कोमल पंख और 7 वर्ष पूर्ण (B) रजत पंख और 7 वर्ष पूर्ण
(C) कोमल पंख और 8 वर्ष पूर्ण (D) हीरक पंख और 8 वर्ष पूर्ण

प्रश्न 08 – एक दिन (24 घंटे) में कितने मिनट होते है?
(A) 1440 (B) 8640 (C) 720 (D) 86400

प्रश्न 09 – एक दिन (24 घंटे) में मिनट व घंटे की सुई आपस में कितनी बार मिलती है?
(A) 20 (B) 12 (C) 22 (D) 06

प्रश्न 10 – घड़ी की सुइयां एक दिन (24 घंटे) में कितनी बार समकोण पर होती है ?
(A) 22 (B) 32 (C) 44 (D) 24

## स्काउट/ गाइड :-

प्रश्न 01 – पेट्रोल झण्डे का रंग कैसा होता है ?
(A) लाल (B) हरा (C) पीला (D) सफेद

प्रश्न 02 – स्काउट/गाइड के एक पेट्रोल में कितने सद्स्य हो सकते है?
(A) 6 - 12 (B) 6 - 8
(C) 4 – 10 (D) 8 – 16

प्रश्न 03–लगातार एक छोटी एक बडी सीटी(0-0-0-0) का संकेत है ?
(A) विसर्जन-तितर-बितर हो जाओ (B) टोली नायक को बुलाने का
(C) ख़तरा है – तैयार हो जाओ (D) दल नायक को बुलाने को

प्रश्न 04 –कंधे की सीध में दोनो हाथ दाये-बाये फैलाना हथेली नीचे की ओर...... संकेत है ?
(A) एक कतार में खड़े हो जाओ (B) तितर-बितर हो जाओ
(C) गोलाकार खड़े हो जाओ (D) दो कतार में आमने-सामने मुँह करके खड़े हो जाओ

प्रश्न 05 – कपड़े की चादर को रस्सी से बाँधने के लिए किस गाँठ का प्रयोग करते है?
(A) ध्रुव गाँठ (B) रीफ नाट (C) फिशर मैन नाट (D) शीट बैंड

प्रश्न 06 – कर्णाकार बन्धन किस फांस के साथ शुरू किया जाता है ?
(A) रीफ नाट (B) क्लो हिच (C) टिम्बर हिच (D) लघुकर गाँठ

प्रश्न 07 ट्रेसिल बनाने के लिए कितने लट्ठों का प्रयोग करते है?
(A) 06 (B) 08 (C) 03 (D) 10

प्रश्न 08 तम्बू के रस्सियों को बाँधने मे किस फांस का उपयोग करना चाहिए?
(A) दो गोला एक अर्द्ध फांस (B) एक गोला दो अर्द्ध फांस
(C) खूँटा गाँठ (D) अष्टाकार बंधन

प्रश्न 09 बी.पी. के अनुसार वर्षा के पानी से बचाव के लिए टेंट के चारों ओर कितनी गहरी नाली बनानी चाहिए?
(A) 03 ईंच (B) 05 ईंच (C) 04 ईंच (D) 06 ईंच

प्रश्न 10 –आप एक ट्रेसिल मे टिम्बर हिच कहां बाँधते है ?
(A) मध्य में (B) नीचे
(C) बगल मे (D) सभी जगह

## रोवर/रेंजर :-

प्रश्न 01 – विश्व गाइड मे ध्वज का नीला रंग प्रतीक है?
(A) सिस्टर हुड (B) ब्रदर हुड (C) शांति का (D) प्रगति का

प्रश्न 02 – स्काउट/गाइड प्रार्थना के रचयिता है?
(A) गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर (B) दयाशंकर भट्ट
(C) वीर देव वीर (D) महात्मा गाँधी

प्रश्न 03 – आंकाक्षी रोवर के लिए कितनी आयु होना आवश्यक है?
(A) 16 (B) 15 (C) 14 (D) 17

प्रश्न 04 –बी.पी. सिक्स का चौथा व्यायाम किसके लिए है?
(A) पेट के लिए (B) छाती के लिऐ
(C) टाँगों-पाँवों के लिए (D) धड़ के लिए

प्रश्न 05 सूर्य नमस्कार कितनी स्थितियो में पूर्ण होता है?
(A) 12 (B) 08 (C) 14 (D) 06

प्रश्न 06 सूर्य नमस्कार मे जब साँस को बाहर निकालते है तो उसे कौन सी क्रिया कहते है ?
(A) वाह्य श्वसन (B) पूरक (C) रेचक (D) कुम्भक

प्रश्न 07 – बेडेन पावेल के BP-6 के कौन से व्यायाम मे पैर खुलती है?
(A) पहले (B) तीसरे (C) पाँचवें (D) छटवे

प्रश्न 08 – चार छोटी एक लम्बी सीटी (0000-) ?
(A) विसर्जन खतरा है (B) टोली नायक को बुलाने का
(C) दल नायक को बुलाने का (D) दौड़ कर आओ

प्रश्न 09 – झंडों द्वारा सीढ़ी बनाने एवं लट्ठे को बांध कर खीचने में प्रयोग करते है?
(A) लीवर हिच (B) रोलिंग हिच (C) टिम्बर हिच (D) स्क्वायर लैशिंग

प्रश्न 10 – तीन बाँसो या बल्लियो का तिपाया बनाने में प्रयोग करेगें?
(A) वर्गाकार बबंधन (B) ) अष्टाकार बंधन
(C) भारलिब स्पाइक (D) लट्ठा फांस

विज्ञापन







उत्तर माला : स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी

| | |
|---|---|
| कब बुलबुल | :- 1(c) 2(d) 3(c) 4(d) 5 (a) 6(a) 7(a) 8(d) 9(c) 10(c) |
| स्काउट/गाइड | :- 1(d) 2(b) 3(c) 4(a) 5 (d) 6(c) 7(a) 8(b) 9(a) 10(a) |
| रोवर/रेंजर | :- 1(a) 2(c) 3(b) 4(d) 5 (a) 6(a) 7(c) 8(c) 9(a) 10(b) |

# Glimpses of Various Activities



# Glimpses of activates



## OUR SOCIAL ACCOUNTS




This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here....

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



**Like our FB Page**
facebook.com/bsgup.org



**Tweets @ BSGUP**
twitter.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup_official



Share & Subscribe our Youtube Channel
**BSGUP Official**

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
Email : upscoutsguides@yahoo.com
For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,